कार्यक्रम | ओव्हर ऑल एफिशिएंसी सहित विभागीय शील्ड प्रदान की गई

# सेवा पुरस्कार पाकर कर्मचारियों के खिले चेहरे




**जबलपुर, नवभारत।** रेल सप्ताह समारोह 2025 के अंतर्गत 70वां विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह मदनमहल स्थित रेल उत्सव सामुदायिक भवन में संपन्न हुआ। बुधवार 4 फरवरी को पश्चिम मध्य रेल महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय ने भोपाल, जबलपुर, कोटा मण्डलों एवं कारखानों तथा मुख्यालय में कार्यरत अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार और साथ ही रेल सेवा पुरस्कार से भी सम्मानित किया। इसके अतिरिक्त ओव्हर ऑल एफिशिएंसी शील्ड सहित विभागीय दक्षता शील्ड भी प्रदान की गई। समारोह के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया।

### लिया बेहतर कल का संकल्प

रेल सप्ताह समारोह के अंतर्गत बीते हुए वर्ष के कार्य निष्पादन की समीक्षा और आने वाले वित्त वर्ष में इससे बेहतर कार्य करने का संकल्प लिया जाता है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियो कर्मचारियों को ये पुरस्कार प्रदान किए गए। समारोह में अपर महाप्रबंधक प्रमोद कुमार खत्री, पश्चिम मध्य रेल महिला कल्याण संगठन की सदस्याएं, सभी विभागों के प्रमुख विभागाध्यक्ष, तीनों मंडल के मंडल रेल प्रबंधक, अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण, मान्यता प्राप्त यूनियन एवं एसोसियेशन के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### रेलमंत्री द्वारा किया गया सम्मानित

महाप्रबन्धक ने बताया कि पश्चिम मध्य रेल को वर्ष 2024-25 के दौरान अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार समारोह में रेलमंत्री के द्वारा ओव्हर ऑल एफिशिएंसी गोविन्द बल्लभ पंत शील्ड एवं सेल्स मैनेजमेंट शील्ड से सम्मानित किया गया है। साथ ही, हमारे 01 कर्मचारी को भी रेल मंत्री स्तर पर व्यक्तिगत पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसके लिए तीनों मंडलों, दोनों कारखानों एवं मुख्यालय में कार्यरत रेलकर्मियों तथा उनके परिजनों और परोक्ष रूप से जुड़े हुए सभी को बधाई दी। महाप्रबन्धक ने कहा कि पश्चिम मध्य रेल के सभी रेलकर्मी पूर्ण निष्ठा एवं लगन के साथ अपने-अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं एवं राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे रहे हैं। हमारे रेलकर्मियों का उत्साह व मनोबल बना रहे और हम लगातार प्रगति के पथ पर अग्रसर रहें। इसी तरह आगे भी हम सब एकजुट होकर मेहनत करेंगे और अपनी संगठित शक्ति से पश्चिम मध्य रेल को और ऊँचाईयों तक ले जायेंगे। हम सभी को अपनी लगन से किये गए कार्यो तथा योजनाबद्ध तरीके से नई-नई तकनीकों का प्रयोग करते हुए बड़े-बड़े लक्ष्यों को प्राप्त करना है।

### गिनाई गई उपलब्धियां

समारोह के दौरान महाप्रबन्धक ने वर्ष 2025 में हासिल की गई प्रमुख उपलब्धियों के बारे में बताया कि ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र में महामहिम राष्ट्रपति द्वारा मियाना रेलवे स्टेशन को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। साथ ही पश्चिम मध्य रेल नागदा से मथुरा तक 549 किलोमीटर रेलखंड पर स्वदेशी सुरक्षा प्रणाली ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम कवच 4.0 स्थापित करने वाला पहला रेलवे जोन बन गया है। भारतीय उद्योग परिसंघ द्वारा सवारी डिब्बा पुनर्निमाण कारखाना, भोपाल को ग्रीन सर्टिफिकेशन की सर्वोच्च रेटिंग ग्रीन प्लेटिनम रेटिंग से सम्मानित किया गया है। अधोसंरचना विकास के अंतर्गत वर्ष 2025 में 16 किमी. लंबाई के कटनी अप ग्रेड सेपरेटर का निर्माण तथा कुल 143 किमी. नई रेल लाइन, दोहरीकरण एवं तिहरीकरण के कार्य पूर्ण किये गये हैं। समारोह में महाप्रबंधक द्वारा व्यक्तिगत तौर पर विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 13 अधिकारियों एवं 40 कर्मचारियों और 02 अधिकारियों एवं 16 रेलकर्मियों को रेल सेवा पुरस्कार से पुरस्कृत किया। इसके अतिरिक्त ओव्हर ऑल इफिसियेंसी शील्ड जबलपुर मण्डल को प्राप्त हुई और विभिन्न विभागों को 24 विभागीय दक्षता शील्ड प्रदान भी की गई।

### इनका कहना है



मेरा कार्य अमृत भारत ट्रेन की प्लानिंग से जुड़ा हुआ है। निश्चित ही मैडम से पुरस्कार लेकर बहुत ही गर्व महसूस हुआ भारतीय रेल हमेशा तरक्की करता रहे यही कामना है।

**राकेश पॉल, वाणिज्य विभाग, पमरे**



समारोह में मैडम से प्राइस लेकर बहुत अच्छा लगा। सोचा नहीं था कि ये पल इतनी जल्दी अनुभव करूंगा। हमारी पूरी पमरे की टीम आगे भी नाम रौशन करती रहेगी।

**शैलेंद्र उइके, मुख्य बुकिंग पर्यवेक्षक, वाणिज्य**



मैने हमेशा अपना सौ प्रतिशत दिया है। उसी का फल हमे मिला है। आगे भी रेलवे के लिए और भी बेहतर कार्य करता रहूंगा।

**मयंक दुबे, चीफ़ कमर्शियल इंस्पेक्टर, पमरे**



## समाज में संस्कार सुरक्षित तभी संस्कृति सुरक्षित : मुनि प्रमाणसागर

**नवभारत,जबलपुर।** जब तक समाज में संस्कार सुरक्षित है तभी तक हमारी संस्कृति सुरक्षित रह सकती है ' 'भोगवादी 'दृष्टि ने हमारे संस्कारों को प्रभावित किया है। उपरोक्त उदगार मुनि श्री प्रमाणसागर महाराज ने श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के मध्य पांचवे दिवस सामाजिक संस्कार और सारोकार की चर्चा करते हुये व्यक्त किये।

इस दौरान उन्होंने धार्मिक सामाजिक कुरूतियों की चर्चा करते हुये कहा कि समाज में संस्कारों का बीजारोपण बहूत जरूरी है,जब तक समाज में संस्कार सुरक्षित है तभी तक हमारी संस्कृति सुरक्षित है,संस्कारों के नष्ट होंने पर हमारे हाथ में कुछ भी नहीं बचेगा । 'जबलपुर जैन पंचायत' के निर्णय पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुये मुनि श्री ने कहा कि जैनसमाज को साथ लेकर अपने धार्मिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपरा को अक्षुण्य बनाये रखने के लिये बहूत हीअच्छा निर्णय लिया है, उन्होंने पूरी पंचायतों कमेटी को साधूवाद देते हुये कहा कि 'जबलपुर से जो बात उठती है,वह पूरे देश में अनुगुंजित होती है 'क्यों कि यह हमारे देश का हृदयस्थल और जैन समाज का केंद्र है।प्रवक्ता अविनाश जैन विद्यावाणी ने बताया श्री सिद्धचक्र महामंडल विधान के पांचवे दिवस प्रात:6:30 बजे से भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा मुनि श्री के मुखारविंद से संपन्न हुई एवं सिद्धचक्र महामंडल विधान का शुभारंभ सिद्धभक्ती के साथ हुआ। पांचवे दिवस भक्तिभाव के साथ पंचपरमेष्ठी की आराधना के साथ 128 अर्घ समर्पित किये गये। एवं गुरुवार को 256 अर्घ अर्पित किये जाऐंगे एवं 12 बजे तक विधान संपन्न होगा।

### सुविधायुक्त मांगलिक भवन बनाने की घोषणा

इस अवसर पर आर्यिका मृदुमति माताजी,आर्यिका निर्णयमति माताजी संघ जो कि शिवनगर से विधान में सम्मलित होंने आई उन्होंने जबलपुर जैन समाज के इस ऐतिहासिक निर्णय की सराहना की। प्रस्ताव बाल ब्र. अशोक भैया एवं अभय भैया ने रखा जिसे दि. जैन पंचायत सभा जबलपुर के अध्यक्ष कैलाशचंद्र जैन एवं महामंत्री अनिल गुडडा तथा समस्त पदाधिकारियों की ओर से समाज के समक्ष रखा। इस दौरान राष्ट्रीय जैन युवा महासंघ के अध्यक्ष मनोज चावल, चंद्रकुमार जैन, रबि कक्का सहित समस्त पदाधिकारियों की उपस्थिति रही एवं सर्व सुविधायुक्त मांगलिक भवन बनाने की घोषणा की गई। कार्यक्रम का संचालन अमित पड़रिया ने किया।

## एक नजर में



### चेरीताल-तमरहाई शासकीय स्कूल में स्मार्ट क्लालेस शुरू

**नवभारत,जबलपुर।** शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल एवं शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तमरहाई में स्मार्ट क्लासेस का शुभारंभ माँ सरस्वती के पूजन, वंदना,दीपप्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर मध्य क्षेत्र के विधायक डॉ.अभिलाष पांडे रहे। इस मौके पर मुख्य अतिथि विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने कहा कि उत्तरमध्य विधानसभा अंतर्गत समस्त विद्यालयों को संसाधन से युक्त बनाया जाएगा, बच्चों को सभी संसाधनों से युक्त पढ़ाई लिखाई का अच्छा वातावरण प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि क्षेत्रीय पार्षद प्रतिभा भापकर, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, मंडलअध्यक्ष दिलीप पटेल,प्राचार्य डीके जैन, मुकेश श्रीवास्तव,बीएसी अजय रजक, आशा यादव, मंजुला सिन्हा सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।



### वार्षिक शालेय पुरस्कार से प्रतिभागियों को नवाजा

**नवभारत,जबलपुर।** नवीन विद्या भवन नेपियर टाउन में शालेय वार्षिक पुरुस्कार वितरण आयोजित किया गया । जिसमें वर्ष पर्यन्त होने वाली सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं विशिष्ट कलाओं पर आधारित प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को आकर्षक पुरूस्कारों से नवाज़ा गया। पुरुस्कार वितरण एन.ई.एस. के सचिव अजय अग्रवाल एवं सहसचिव वीरेंद्र साहू द्वारा संपन्न किया गया । इस दौरान विभिन्न स्तर पर बोर्ड परीक्षाओं के मेधावी छात्रों को सर्वोच्च पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। पुरूस्कृत विद्यार्थियों में आर्यन साहू, देवेश पटेल, प्रकाश प्रजापति एवं कुमारी आराध्या पटेल शामिल रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में प्राचार्या एवं समस्त शिक्षिकाओं का अतुलनीय योगदान रहा।

### महेश कोरी बने कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री



**नवभारत जबलपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी की अनुशंसा पर अनुसूचित जाति विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र पाल गौतम व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप अहिरवार ने महेश कोरी को प्रदेश महामंत्री नियुक्त किया है। इस नियुक्ति पर सहयोगियों ने बधाईयां प्रेषित कीं हैं।

### दिव्यांगों को मिलेंगे सहायक उपकरण

**नवभारत,जबलपुर।** नगर निगम द्वारा दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने और उनकी दैनिक बाधाओं को कम करने के उद्देश्य से सहायक उपकरण वितरण की तैयारी की जा रही है। इसके लिए नगर निगम सीमा के अंतर्गत आने वाले सभी पात्र दिव्यांगजनों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक और पात्र हितग्राही अपना पंजीकरण कराने के लिए नगर निगम मुख्यालय स्थित शासकीय योजना विभाग कमरा नंबर 30 में संपर्क कर सकते हैं। शासकीय योजना प्रभारी इन्द्र कुमार वर्मा ने बताया कि आवेदक नगर निगम जबलपुर की सीमा के भीतर का निवासी होना चाहिए और उसके पास वैध दिव्यांगता प्रमाण पत्र होना अनिवार्य है। दिव्यांगजन विभाग में जाकर निर्धारित फॉर्म भरकर और आवश्यक दस्तावेज जमा कर पंजीकरण कराया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजनों को दिव्यांगता प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, समग्र आईडी, पासपोर्ट साइज फोटो, निवास प्रमाण पत्र आदि दस्तावेज लाना होगा।

## 6 को दिव्यांगों को मिलेंगे प्रमाण पत्र



**नवभारत,जबलपुर।** जबलपुर के दिव्यांगजनों के लिए आगामी 6 फरवरी का दिन विशेष सौगात लेकर आ रहा है। जिला प्रशासन और नगर निगम के प्रयासों से जिला अस्पताल विक्टोरिया में मेडिकल बोर्ड द्वारा दिव्यांग प्रमाण-पत्र बनाये जायेगें। निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने शहर के समस्त दिव्यांगजनों से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आग्रह किया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की कल्याणकारी योजनाओं से वंचित न रहे। प्रमाण-पत्र बनने से दिव्यांगजनों को शिक्षा, रोजगार और पेंशन जैसी योजनाओं में सीधी मदद मिलेगी। निगमायुक्त के अनुसार विशेषज्ञों का मेडिकल बोर्ड मौके पर ही दिव्यांगता का परीक्षण करेगा। प्रमाण-पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल और सुगम बनाया गया है ताकि आवेदकों को भटकना न पड़े। इस प्रमाण-पत्र के माध्यम से दिव्यांगजन शासन की विभिन्न सब्सिडी और सहायता कार्यक्रमों के लिए पात्र हो सकेंगे।

## 55 हितग्राहियों को मिले पीएम स्वनिधि योजना के स्वीकृति पत्र

▸ धोबीघाट में आयोजित हुआ शिविर



**नवभारत,जबलपुर।** शहर के विकास और जन-कल्याण के संकल्प को साकार करते हुए संकल्प से समाधान योजना के अंतर्गत कैंट विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत धोबीघाट में एक विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत 55 आवेदन प्राप्त हुए। जिसका मौके पर स्वीकृति प्रदान कर हितग्राहियों को तत्काल स्वीकृति पत्र प्रदान कर लाभान्वित भी किया गया। कार्यक्रम में विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार और उपायुक्त अंकिता जैन ने शिविर में विशेष रूप से उपस्थित होकर हितग्राहियों का उत्साहवर्धन किया। अतिथियों ने अपने हाथों से स्वीकृत पत्र वितरित किए, जिससे क्षेत्र के छोटे व्यापारियों और रेहड़ी-पटरी वालों में हर्ष का माहौल देखा गया।

### स्वाभिमान के साथ करेंगे परिवार का जीवकोपार्जन

नगर निगम की इस पहल से सभी 55 हितग्राहियों को 15-15 हजार रुपये का ऋण प्रदान किया जाएगा। यह राशि इन परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने और स्वाभिमान के साथ जीवकोपार्जन करने में सहायक सिद्ध होगी। केवल धोबीघाट ही नहीं, बल्कि शहर के अन्य स्थलों पर भी आयोजित शिविरों में अब तक सैंकड़ों हितग्राही लाभान्वित होकर राहत पा चुके हैं।

## भिक्षु मुक्त शहर बनाने विजन जबलपुर ने चलाया अभियान




**नवभारत,जबलपुर।** संस्कारधानी जबलपुर को भिक्षु मुक्त शहर बनाने और निराश्रित , अक्षम लोगों के पुनर्वास के लिए विजन जबलपुर के एक वर्षीय दीनबंधु अभियान का शुभारंभ विगत माह प्रारंभ हुआ था। इसी कड़ी में विजन जबलपुर के सभी सदस्यों के द्वारा लेबर चौक में जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान संगठन के सभी लोगों ने एकत्रित होकर आम लोगों से आह्वान किया कि हम सभी को मिलकर भिक्षु रहित शहर बनाना है । कार्यक्रम में लोगों को जागरूक किया गया कि छोटे बच्चे , वृद्धजन जो भीख मांगते हैं, उन्हें भिक्षा के रूप में नकद पैसे ना दें।उन्हें कपड़े दें,भोजन करवाएं। उनके पुनर्वास के लिए प्रयास करें। इस अवसर पर विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह के साथ संस्था के बजरंग सिंह, साधन चटर्जी, एस के यादव, राजेंद्र प्रसाद, राजेश तिवारी, के पी साहू, यशवंत राव, अशोक राजपूत,प्रदीप कुमार गर्ग, आदि सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।


## विकास कार्यों को लेकर विधायक ने की सीएम से मुलाकात



**नवभारत,जबलपुर।** कैंट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने विकास कार्यक्रमों को लेकर मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से मुलाकात की । इस दौरान विधायक ने रांझी सिविल अस्पताल मे लगभग 45 करोड़ की लागत से बनी हुई नई बिल्डिंग के लोकार्पण के लिए और प्रतिवर्ष रांझी में होने वाली श्री शिव महापुराण कथा के लिए माननीय मुख्यमंत्री को सादर आमंत्रित किया और साथ ही साथ क्षेत्र में अन्य विकास कार्यों को लेकर भी जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने विधायक के लोकार्पण और श्री शिव महापुराण कथा के निमंत्रण को स्वीकार करते हुए कार्यक्रम में पहुंचने की स्वीकृति प्रदान की । इस मुलाकात में विधायक के साथ मंडल अध्यक्ष पुष्पराज सिंह सेगर ,महामंत्री हेमराज सराठे उपस्थित रहे।

विश्व कैंसर दिवस. | कैंसर के प्रति जागरुकता जरुरी

# बेहतर देखभाल और सहायता से मिलते हैं बेहतर परिणाम




**जबलपुर, नवभारत।** हर वर्ष 4 फरवरी को विश्व कैंसर दिवस के रूप में मनाया जाता है इस दिन कैंसर अवेयरनेस कैंप लगाए जाते हैं ताकि लोगों को कैंसर के प्रति जागरुक किया जा सके दुनियाभर में कैंसर के रोगी तेजी से बढ़ रहे हैं इस साल के कैंसर अभियान का विषय है अद्वितीयता से एकजुट मतलब कैंसर से जूझने वाले हर व्यक्ति का अनुभव अलग होता है, फिर भी हम सभी एक ही लक्ष्य से जुड़े हैं यानी कैंसर से प्रभावित हर व्यक्ति के लिए बेहतर देखभाल, सहायता और बेहतर परिणाम। डॉक्टर्स के मुताबिक, अगर इंसान तंबाकू व शराब जैसी हानिकारक चीजों का सेवन करना छोड़ दे तो काफी हद तक कैंसर से बच सकता है दरअसल, कैंसर एक साइलेंट किलर है अगर इसके शुरुआती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाए तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है डॉक्टरों का मानना है कि कैंसर का इलाज संभव है लेकिन जब उसे स्टेज-1 या स्टेज-2 में ही पकड़ लिया जाए इसलिए सावधानी और संकेतों को पहचानना ही सबसे बड़ा तरीका है।

### सबसे अधिक मामले स्तन कैंसर के

भारत की महिलाओं में ब्रेस्ट कैंसर के मामले सबसे अधिक देखे जा रहे हैं एक्सपर्ट्स के मुताबिक, अब यह बीमारी सिर्फ अधिक उम्र की महिलाओं तक सीमित नहीं है बल्कि कम उम्र की महिलाएं भी इसकी चपेट में आ रही हैं अगर किसी के ब्रेस्ट में किसी तरह की गांठ महसूस हो रही है या डिस्चार्ज हो रहा है या ब्रेस्ट के साइज में अचानक से बदलाव हुआ है तो वो उसके शुरुआती संकेत हो सकते हैं यदि गांठ है लेकिन उसमें दर्द नहीं है तो भी इसे हल्के में नहीं लेना चाहिए। इसके अलावा कोलोरेक्टल कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, सर्वाइकल कैंसर और ओरल कैंसर भी तेज़ी से अपने पैर पसार रहा है।

### जन जागरूकता के लिए निकाली रैली




विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर की जन जागरूकता के लिए जिला चिकित्सालय से रैली निकाली गई। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के डॉ संजय मिश्रा के मार्गदर्शन में विश्व कैंसर दिवस के उपलक्ष्य पर जबलपुर जिले में विभिन्न जन जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गयीं। इस अवसर पर नोडल अधिकारी डॉ सारिका दुबे, डॉ कमलेश वर्मा, डॉ संजय जैन, डॉ संदीप भगत, जिला मीडिया अधिकारी श्री अजय कुरील, विनीता सोनी, रवि शंकर कोष्टा, विकास श्रीवास्तव, हर्षा विश्वकर्मा, चंद्रा सहित नर्सिंग स्टूडेंट्स शामिल हुए। विश्व कैंसर दिवस पर जिला चिकित्सालय, सिविल अस्पताल, सामुदायिक एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर कामन कैंसर जांच शिविर आयोजित किए गये, इन शिवरों में 30 वर्ष से 65 वर्ष की आयु के नागरिकों की मुख, स्तन, सर्वाइकल तथा अन्य कैंसरों की जांच की गयी। जांच के बाद चिन्हांकित जटिल रोगियों को आवश्यकता अनुसार सर्जरी एवं रेडियोथैरेपी के लिए रेफर किया गया।